तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 आरीडोंगरी कच्चे माइंस में ट्रकों की व्यवस्था ...




14 एकलव्य विद्यालय में सत्र 2024-25 के नतीजे घोषित



## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

**कार्रवाई :** खनिज विभाग ने 16 चेनमाउंटेन को किया था सील, 4 मशीन अवैध खदानों से

# जब्त गायब चेन माउंटेन की जांच शुरू नाके में पदस्थ आरक्षक को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा क्षेत्र में विगत लगभग एक माह पहले खनिज विभाग ने 16 चैन माउंटेन

- खदान को चालू करवाने के लिए कई सफेदपोश हैं सक्रिय
- सफेदपोश के सक्रिय होते ही महानदी में दुधावा डेम से छोड़ दिया गया पानी
- हरिभूमि ने चेन माउंटेन के गायब होने के मामले को किया था उजागर

को सील करते हुए जप्त किया था। इन पर अर्थदंड लगाने की कार्यवाही जारी है, वहीं मचांदुर से एक चैनमाउंटेन के गायब होने की पुष्टि होने के बाद नाका में तैनात खनिज आरक्षक को प्रथम दृष्टया हटाते हुए जाँच जारी है। जाँच में अवैध ढंग से ताला तोड़कर ले जाने की पुष्टि होने पर जिम्मेदार पर अपराध भी दर्ज हो सकता है। चारामा क्षेत्र से गुजरने वाली महानदी कई गांव से होकर गुजरती है, जिसमें से


मचांदुर में खनिज के आरक्षक सोते रहे, अज्ञात लोग चेन माउंटेन ले उड़े

मचांदुर खदान से जब्त तीन चेन माउंटेन में एक गायब, नाका स्टाफ को खबर नहीं

भिरौद, भुईगांव, अरौद, भिरौद, करिहा, किलेपार, तेलगुड़ा, माहुद, भिलाई, पुरियारा, हाराडुला, मचांदुर, भिलाई तांसी पार्ट दो, भिलाई तांसी पार्ट तीन खदान स्वीकृत है, इनमें से मचांदुर खदान से 03, भिलाई में तीन खदान है जहाँ से 02, माहुद से 01, हाराडुला से 02, तेलगुड़ा से 02, किलेपार से 01, अरौद से 01 चैनमाउंटेज को जप्त किया गया। इसके अलावा अवैध खदान कंडेल से 02, नगर पंचायत से 01 और टांहकापार से 01 चैन माउंटेन को जप्त किया गया था। जप्त की गई चैन माउंटेन के गायब होने का हल्ला मचने के उपरांत हरिभूमि ने जायजा लिया और मचांदुर से एक चैन माउंटेन गायब होने की पुष्टि हुई। यह मशीन 30 और 31 मार्च की रात को मचांदुर खदान से निकालकर नाका के सामने से गई, परंतु नाका में तैनात खनिज विभाग के आरक्षक टिकैतराम कंवर बेखबर रहे। चैन माउंटेन मशीन नाका से निकल गई, परंतु खनिज विभाग के आरक्षक जानबूझकर अंजान बने रहे या ऐसा कौन सा कारण रहा कि पूछताछ नहीं किया गया, इसका उत्तर वहीं दे सकते ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जब्त 16 चेनमाउंटेन

मचांदुर चारामा क्षेत्र में 10 गाँव से महानदी के लगे तट से रेत का उत्खनन नियमों को ताक में रखकर किया जा रहा था और विवाद भी हो रहा था। भाजपा नेताओं की शिकायत पर 10 गाँव में कार्यवाही करते हुए 16 चैन माउंटेन को जप्त किया गया। इन पर कार्यवाही करने की प्रकिया जारी है, वहीं कई सपेदपोश जप्त कई चैन माउंटेन वालों को बचाने के लिए प्रयासरत है। कई सपेदपोश यह जुगत लगाने में लगे है कि रेत खदान जल्द से शुरू हो जाएं और उनकी दुकान चालू हो जाएं।

### महानदी में आ गया पानी

दुधावा डेम से पानी छोड़ देने से महानदी में पानी आ गया है, जिससे अभी रेत उत्खनन संभव नहीं हो पा रहा है। रेत माफिया महानदी में छोड़े गए पानी को बंद करवाने के लिए अपने आकाओं के माध्यम से फोन करवाने के लिए प्रयासरत है। माफिया कितने सफल हो पाते है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### खनिज आरक्षक को हटाया गया, जाँच जारी

खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि मचांदुर से गायब हुई चैन माउंटेन के मामले में खनिज आरक्षक को हटाया गया है, वहीं टांहकापार और हाराडुला की मशीन को सुपुर्दगी में दिया गया है। जब्त सभी मशीनों पर अर्थदंड की कार्यवाही जारी है। मशीन के गायब होने की जाँच जारी है, जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# बायपास पर ट्रक की ठोकर से स्कूटी चालक की मौत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बायपास कांकेर में रायपुर से जगदलपुर जा रही ट्रक चालक ने लापरवाही ढंग से ट्रक को चलाते हुए स्कूटी चालक को ठोकर मार दिया। स्कूटी चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई। खबर मिलते ही यातायात पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को दोपहर के बाद कोड़जुंगा चौक से माकड़ी के मध्य बायापास में ट्रक क्रमांक सीजी 19 केडब्ल्यू 9208 रायपुर से जगलदलपुर की ओर जा रहा था वहीं स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एएच 0329 कांकेर से माकड़ी की ओर जा रहा था। ट्रक चालक ने लापरवाही ढंग से चलते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्कूटी चालक दुर्घटना का शिकार हो गया और घटनास्थल में ही उसकी मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक स्कूटी चालक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस तुरंत मौत के शिकार हुए स्कूटी चालक के शव को पीएम के लिए मरचुरी ले जाया गया, वहीं ट्रक चालक को यातायात पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए दबोच लिया।

ट्रक चालक रोशन मंडावी पिता चैन सिंह मंडावी ग्राम चवांड जिला कांकेर का निवासी है। पुलिस ने चालक और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। बायपास में वाहन चालकों की लापरवाही के कारण ही हादसे हो रहे है। पुलिस मृतक के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है और अब 3 अप्रैल को पीएम हो पाएगा। पुलिस स्कूटी नंबर के माध्यम से मृतक की पतासाजी करने में जुटी हुई है।

# प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए प्रवेश परीक्षा 20 को

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत जिले में संचालित प्रयास बालक-बालिका आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए प्राक्कचयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे किया जाएगा। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिले में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें पं. विष्णुप्रसाद शर्मा शासकीय उमा गोविन्दपुर कांकेर, पीएमश्री शासकीय नरहरदेव उमावि कांकेर, शासकीय प्रेक्टिसिंग कन्या उमावि मांझापारा कांकेर और सेंट माईकल उमावि गोविन्दपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार नरहरपुर विकासखण्ड के लिए पीएमश्री शासकीय उमावि नरहरपुर तथा शासकीय कन्या उमावि नरहरपुर, चारामा विकासखण्ड के लिए शासकीय कन्या उमावि चारामा और शासकीय बालक उमावि चारामा तथा भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के लिए एकलव्य आदर्श ▶▶| शेष पेज 12 पर




- जिले में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्र

# कच्चे कांटा घर के पास खड़े ट्रक को दूसरे ट्रक ने ठोंका

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कच्चे माइंस के कांटा घर पर वाहन में लोड आयरन का तौल कराने के लिए खड़ी ट्रक को अन्य ट्रक के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। विनायकपुर निवासी डोमेंद्र नेताम ने पुलिस को बताया कि ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजे 8111 का चालक हूं। मेरे ट्रक में कच्चे माइंस से आयरन लोड कर रायपुर लेकर जाता हूं और 31 मार्च को अपनी वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजे 8111 में कच्चे माइंस में आयरन लोड कर रात करीबन साढ़े 9 बजें माइंस के कांटा के पास तौल कराने के लिए वाहन को खड़ा किया था। मेरे गाड़ी के सामने वाहन ट्रक 12 चक्का क्रमांक सीजी 19 बीई 3948 खड़ी थी, जिसका चालक वाहन ट्रक को अचानक चालू करके तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक ▶▶| शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### निशुल्क चिकित्सा शिविर का समापन 6 अप्रैल को



**दुर्गुकोंदल।** श्री बजरंग आयरन ओर माइंस हाहालद्दी गोयल ग्रुप के द्वारा चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में बंजारी माता के प्रांगण में निःशुल्क प्राथमिक उपचार की शिविर लगाई गई है। यह शिविर 06 अप्रैल नवरात्र पर्व के अंतिम तिथि, ज्योति कलश विशर्जन तक लगाई जाएगी, जिसमें सामान्य बुखार, सर्दी-खासी, सिरदर्द, चोट, मोच, दर्द की दवाई मुफ्त में दी जाएगी। गर्मी को देखते हुए ओआरएस घोल एवं बीपी चेकअप की भी सुविधा उपलब्ध है। हर वर्ष बंजारी माता के मंदिर में नवरात्र पर्व पर भक्तों के लिए ऐसी उपयोगी शिविर लगाकर सैकड़ो जरूरतमंदो को समय पर सुविधा प्रदान करने के लिए बंजारी माता जनसेवा ▶▶| शेष पेज 12 पर

# ग्राम कंडेल में रेत का फिर अवैध खनन, ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा ब्लाक के ग्राम पंचायत आंवरी के ग्राम कंडेल में फिर से अवैध रेत खनन की शिकायत पर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। कंडेल से गुजरने वाली महानदी से 2 अप्रैल की सुबह से बिना किसी रॉयल्टी के ट्रैक्टरों वे रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने ट्रैक्टरों को धमकाया, इसके चलते गाँव का प्राकृतिक संसाधन और एकमात्र खेल का मैदान भी प्रभावित हो रहा है। ग्राम पंचायत आंवरी के ग्राम कंडेल के स्थानीय ग्रामीणों ने अवैध रेत खनन के इस गैरकानूनी गतिविधि का कड़ा विरोध किया। माफियाओं से दस्तावेज दिखाने या स्पष्टीकरण देने को कहा गया, तो उन्हें गोलमोल जवाब मिले। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रेत से भरी गाड़ियों को वहीं रोककर रेत खाली करवाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम का रेत ग्राम को ही जाएगा। ग्राम सरपंच जय प्रकाश गावड़े ने बताया कि रेत माफिया बिना किसी वैध अनुमति के लगातार गाँव के रेत को निकाल रहे हैं। इससे गाँव का एकमात्र मैदान, जिसका उपयोग बच्चों के खेल, सामुदायिक समारोह और अन्य गतिविधियों में किया जाता है, धीरे-धीरे नष्ट हो रहा है। ग्रामीण प्रशासन से अपेक्षा कर रहे हैं कि जल्द ही इस अवैध रेत खनन पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गाँव के प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और गाँव का हक सुरक्षित रह सके।






**संपत्ति और सोना खरीदना शुभकारी होगा**

# रामनवमी पर 13 वर्षों के बाद रविपुष्य योग बनेगा, भक्तों के लिए लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राम नवमी का त्योहार 6 अप्रैल रविवार

- इसी दिन भगवान श्रीराम ने सिद्धि के लिए पूजन किया था

को मनाया जाएगा। मान्यता है कि श्रीराम का अवतरण चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। ऐसे में इस दिन राम नवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस दिन मां सिद्धिदात्री का पूजन भी किया जाता है। इस साल रामनवमी पर कई शुभ संयोग बनने जा रहे हैं। अबकी बार राम नवमी पर बनने वाले दुर्लभ योग भक्तों के लिए लाभकारी होने वाले हैं। धार्मिक मान्यता है कि धरती पर अधर्म और पाप बढ़ने के बाद भगवान विष्णु ने अयोध्या में राजा दशरथ और रानी कौशल्या के पुत्र के रूप में अवतार लिया था। उन्होंने श्रीराम का वेष धारण किया था। उन्होंने धर्म और मर्यादा की स्थापना की थी और उच्चतम आदर्शों का पालन किया था। इस कारण वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाए। राम ▶▶| शेष पेज 12 पर



### 13 वर्षों बाद बन रहा शुभ संयोग

राम नवमी पर भगवान राम का जन्म हुआ था। इस दिन 13 वर्षो बाद पुष्य नक्षत्र का संयोग बन रहा है। रविवार का दिन होने से रवि पुष्य योग बनेगा। राम नवमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। इसके अलावा सुलक्ष्मी योग, मालव्य राजयोग और बुधादित्य राजयोग भी बनने जा रहा है। एक साथ कई योग बनने से इस दिन को बहुत ही शुभ माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### नपा अध्यक्ष ने ली पंप चालकों की बैठक

**कोण्डागांव।** नगर पालिका कोंडागांव में अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी और सीएमओ ने जल प्रदाय शाखा एवं पम्प चालकों की बैठक ली। बैठक में गर्मियों में पंप चालू कर पूरे वार्ड का भ्रमण करते रहने तथा कहीं भी टूट रहे तो उसको तत्काल मरम्मत करने की निर्देश दिए गए हैं। वार्ड में जहां पानी नहीं पहुंच रही है वहां पर पानी टैंकर से सप्लाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पम्प चालकों को वार्डों में लगाए जाने मोटर पंप की जांच कर जप्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कहीं से भी शिकायत आने पर चालकों के विरुद्ध करवाई करने की चेतावनी दी गई है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024–25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आईलाइन आवेदन आमंत्रित की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 3 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नसिंर्ग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. के प्राचायोर् और छात्रवृत्ति प्रभारी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया पर की जा रही है।

# आयुष्मान योजना से आठ वर्षीय मनराज को मिला नवजीवन, हृदय रोग से मिली मुक्ति

**मिली लाख 59 हजार रूपए की आर्थिक सहायता, सर्जरी के बाद पूरी तरह स्वस्थ है मनराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासन की जनकल्याणकारी आयुष्मान भारत योजना के तहत कोण्डागांव जिले के एक गरीब परिवार के मासूम बच्चे के गंभीर रोग का निशुल्क उपचार संभव हो सका जिससे बच्चे को नई जिंदगी के साथ परिवार को बड़ी राहत मिली। इस योजना की बदौलत न केवल बच्चे का उपचार हुआ, बल्कि इससे पूरे परिवार के सदस्यों के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई।

कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम मड़ानार निवासी सुगन्तीन नाग और खेलसिंग नाग के आठ वर्षीय पुत्र मनराज नाग को बचपन से ही लगातार सर्दी–खांसी की समस्या बनी रहती थी। बच्चे की इस बीमारी का स्थानीय अस्पतालों में कई बार उपचार कराने के बावजूद उन्हें कोई राहत नहीं मिल रही थी और आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय स्तर पर कोई राहत नहीं मिलने पर बेहतर चिकित्सा की तलाश में उनके परिवार ने आंध्र प्रदेश के एक निजी अस्पताल में पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने आवश्यक परीक्षण के बाद बताया कि मनराज के हृदय में छेद है और सर्जरी ही इसका एकमात्र समाधान है। लेकिन सर्जरी का खर्च वहन कर पाना परिवार के लिए संभव नहीं था जिसके कारण वे निराश होकर पुनः अपने गांव लौट आए। अपने बच्चे को हो रही परेशानी को देखते हुए आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद परिवार ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने गांव के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संपर्क करने पर उन्हें आयुष्मान भारत योजना की जानकारी मिली। यह योजना उनकी आशा की किरण बनी। जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में मनराज को रायपुर के एसएमसी हार्ट इंस्टीट्यूट ले जाया गया। जहां नवंबर 2024 में उनकी कार्डियोथोरेसिक और वेस्कुलर सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। जिसके लिए आयुष्मान योजना से 1 लाख 59 हजार रूपए की आर्थिक सहायता मिली। हृदय की सर्जरी के बाद आज मनराज पूरी तरह स्वस्थ है और एक नया जीवन जी रहा है।



### दूरस्थ अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सरकार राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति बेहद संवेदनशील है। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दूरस्थ अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। शासन के आयुष्मान भारत योजना के बेहतर क्रियान्वयन का परिणाम है कि इस योजना ने न केवल एक मासूम बच्चे को जीवनदान दिया, बल्कि उसके परिवार को भी एक नई आशा और विश्वास से भर दिया।



## 8 अप्रैल को होगा आयोजन, सीएम साय भी होंगे शामिल

# बंजारा महाकुंभः सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ऑल इंडिया बंजारा सेवा संघ के तत्वाधान में 8 अप्रैल 2025 को विशाल बंजारा महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन विश्व बंजारा दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज में संपन्न होगा। इस महाकुंभ में छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत के बंजारा नायक समाज के प्रमुख प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

बंजारा समाज के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी रामकुमार भारद्वाज ने बताया 08 अप्रैल को विश्व बंजारा दिवस के अवसर पर आयोजित विशाल बंजारा कुंभ में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को बसना विधायक संपत अग्रवाल के नेतृत्व में बंजारा समाज का प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट मुलाकात कर आमंत्रित किया। इस दौरान बंजारा समाज के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव नायक, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक, कोंडागांव जिलाध्यक्ष सुखिया राम चौहान, सहित अन्य समाज प्रमुख मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 8 अप्रैल को होने वाले बंजारा महाकुंभ में शामिल होने की सहमति दे दी है। उन्होंने कहा विश्व बंजारा दिवस में होने वाले बंजारा महाकुंभ में उपस्थित बंजारा समुदाय को सम्बोधित भी करेंगे। छत्तीसगढ़ बंजारा समाज के प्रदेश अध्यक्ष सदाशिव राम नायक, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अजय नायक, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष निर्मला नायक, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता भारद्वाज, राधा नायक व अन्य प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रदेश के बंजारा समाज के समस्त सदस्यों को विशाल बंजारा महाकुंभ के शामिल होने के लिए अपील किया है।




### बंजारा गीतों व नृत्य की होगी प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान बंजारा समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने के लिए लड़ी, भाग, डंडा, बंजारा गीतों पर विशेष नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अलावा, समाज के सेवा कार्यों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को "छत्तीसगढ़ बंजारा रत्न" एवं "छत्तीसगढ़ बंजारा पद्म भूषण" से सम्मानित किया जाएगा।

### आयोजन का उद्देश्य

इस महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य बंजारा समाज की एकता, अखंडता, संप्रभुता और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। समाज के सर्वांगीण विकास एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए इस भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है।

### चुनाव जीतने वाले होंगे सम्मानित

छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में निर्वाचित पंच, उप सरपंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, तथा नगरीय निकायों के पार्षद, नगर अध्यक्ष और पालिका अध्यक्षों को विशेष प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# नगरवासियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नपा का 50वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका के स्थापना दिवस के अवसर पर गरिमापूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। 1 अप्रैल 1975 को स्थापित इस नगर पालिका ने अपने 50 वर्ष पूर्ण किए जिसे सभी नगरवासियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नर सिंह पटेल, उपाध्यक्ष जश केतु उसेंडी सीएमओ दिनेश डे पार्षदगण एवं समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर पालिका की स्थापना 1 अप्रैल 1975 को की गई थी। स्थापना के समय इसमें कुल 11 वार्ड थे। 1980 में यह संख्या बढ़कर 12 हुई, 1985 में 18 वार्ड हो गए और 2019 में नगर पालिका का विस्तार करते हुए इसे 22 वाडोंर् में विभाजित कर दिया गया। वर्तमान में नगर की जनसंख्या लगभग 40,000 है, और नगर पालिका निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है। स्थापना दिवस समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि नगर का विकास उनकी प्राथमिकता है और आने वाले वषोंर् में और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### बीते वर्षों में हुए कार्यों की झलक की प्रस्तुत

इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने कार्यों से नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही, नगर के विकास कार्यों की चर्चा की गई। जिसमें बीते वर्षों में हुए कार्यों की झलक प्रस्तुत की गई। नगर पालिका के इस स्वर्ण जयंती समारोह में नगरवासियों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और इसे ऐतिहासिक बना दिया। नगर पालिका प्रशासन ने इस मौके पर सभी नागरिकों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नगर के विकास में सहयोग देने का आग्रह किया।

# गाय की हर्नियोप्लास्टी सर्जरी हुई सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



पशुधन विकास विभाग कोंडागांव के चिकित्सकों ने हर्नियोप्लास्टी द्वारा गाय के हर्निया का सफल ऑपरेशन किया। ज्ञात हो कि शुक्रवार 28 मार्च 2025 को विकासखंड फरसगाँव के ग्राम बोरगांव में पशु मालिक राखल राव की गाय को पिछले एक माह से पेट में सूजन की शिकायत थी। जिससे गाय को खाने–पीने में तकलीफ हो रही थी और वह कमजोर होती जा रही थी। सूचना मिलने पर जिले में पदस्थ पशु चिकित्सकों ने जांच की और पाया कि गाय की पेट की मांसपेशियां फट जाने के कारण हर्निया बन गया था। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला कोंडागाँव के निर्देशानुसार गाय की जीवन रक्षा हेतु एवं पशु मालिक की सहमति से डॉ. ढालेश्वरी ने तत्काल सर्जरी से हर्नियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया। इस सर्जरी में डॉ. कृष्ण कोर्राम वीएएस, मर्दापाल एवं डॉ. अनिल एमयूवी, फरसगाँव का विशेष सहयोग रहा। बीते दो वर्षों में जिले के पशु चिकित्सकों ने लगातार कई सफल ऑपरेशन कर पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन ऑपरेशनों में न केवल पालतू पशु बल्कि अन्य प्रकार के जानवर भी शामिल रहे हैं, जिनका जटिल से जटिल इलाज सफलतापूर्वक किया गया है। यही नहीं जिले के बाहर से भी यहां इलाज व ऑपरेशन के लिए पशु लाए जाते रहे हैं, जिनका सफल इलाज किया जा चुका है। यह जिले की पशु चिकित्सा विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो लगातार पशु चिकित्सा सेवा क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं दे रही है। पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. ढालेश्वरी ने बताया कि गाय में वेंट्रल हर्निया तब होता है जब पेट की दीवार कमजोर हो जाती है या फट जाती है। जिससे पेट के अंदरूनी अंग बाहर की ओर उभर आते हैं। यह आमतौर पर पेट के निचले हिस्से में दिखाई देता है। इसका कारण चोट लगने, गिरने या सींग से मार खाने की वजह से पेट की दीवार कमजोर हो सकती है। बार बार गर्भ धारण करने या मुश्किल प्रसव के कारण पेट की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। गाय या पशुओं को भारी भार खींचने या झटके से खड़ा होने के कारण हर्निया हो सकता है। साथ ही पेट की किसी पुरानी चोट, सर्जरी या संक्रमण के कारण पेट की दीवार कमजोर हो सकती है। इसका लक्षण पेट के निचले हिस्से में सूजन दिखना गाय को चलने या खड़े होने में कठिनाई होना, अधिक गंभीर मामलों में भूख कम होना और कमजोरी शामिल है।

■ पेट की मांसपेशियां फट जाने के कारण हो गया था हर्निया

# सैन्य प्रशिक्षण के लिए सातवें बैच का आगाज कड़ी मेहनत करते नजर आएंगे भावी योद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम के सातवें चरण का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। जिसके पश्चात सभी सम्मानित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम ने युवाओं को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और परिषद के प्रयासों की सराहना की।

इसके बाद, परिषद द्वारा संचालित सैन्य प्रशिक्षण के माध्यम से अग्निवीर भर्ती में चयनित 10 युवाओं को पुष्पमाला पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और प्रशिक्षणार्थियों को स्वल्पाहार कराकर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, कमलेश्वर ध्रुव, सह सचिव रवि ठाकुर, केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष आसमन मंडावी, बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष रूपम राम मरकाम, पूर्व सैनिक हीरासिंह कोर्राम, सेवारत सैनिक डोनेंद्र कुमार एवं घिना नेताम, अधिवक्ता दीपक ठाकुर, माधव लाल सोनी, छनेद्र पाणिग्रही, पवन सोनी, हीरालाल तालुकदार, श्रीमती केकती बर्मन सहित बड़ी संख्या में युवक–युवतियां उपस्थित रहे।

■ अग्निवीर में चयनित 10 युवाओं को पुष्पमाला पहनाकर प्रदान किया प्रशस्ति पत्र



# केशकाल में गणगौर महोत्सव पूजा की धूम

**केशकाल।** होली के दिन से प्रारम्भ हुए 16 दिवसीय गणगौर महोत्सव पूजा की केशकाल नगर में धूम मची हुई है मान्यता अनुसार आठ दिनों तक होलिका के भस्म से बनी गणगौर के प्रतीक पिंडियों की पूजा होती है। शीतला अष्टमी को कुम्हार के घर से मिट्टी लाकर विधि-विधान से गणगौर की स्थापना की जाती है। गणगौर और ईसर का सामूहिक रूप से विधि-विधान से पूजन किया जाता है। शाम को बच्चों को बींद-बीनणी का स्वरूप बनाकर गाजे-बाजे के साथ बिंदौरी निकाली जाती है। गणगौर के दिन ईसर-गणगौर की पार्वती व शिव के रूप में पूजा की जाती है। उन्हें भोग स्वरूप गुणा-सकरपारा अर्पित किए जाते हैं। कुंवारी कन्याएं सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए पूजा करती हैं। वहीं विवाहित महिलाएं अखंड सुहाग की कामना के लिए व्रत रखकर गणगौर पूजन करती हैं। केशकाल नगर में राजस्थानी महिलाएं एवं कन्याए पारम्परिक वेश धारण कर पूजन भजन कर उत्सव का आनंद ले रहीं हैं। गणगौर पूजा में 16 अंक का विशेष महत्व है। गणगौर पूजा 16 दिनों की होती है। गणगौर पूजन के लिए कुंवारी कन्याएं और सुहागिन महिलाएं सुबह सुंदर वस्त्र, आभूषण पहन कर सिर पर लोटा लेकर बाग-बगीचों में जाती हैं। वहीं से ताजा जल लोटों में भरकर उसमें हरी-हरी दूब और फूल सजाकर सिर पर रखकर गणगौर के गीत गाती हुई घर आती हैं। इसके बाद मिट्टी से बने शिव स्वरूप ईसर और पार्वती स्वरूप गौर की प्रतिमा और होली की राख से बनी 8 पिंडियों को दूब पर एक टोकरी में स्थापित करती हैं। दूब घास और पुष्प से उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। 16 दिन तक दीवार पर सोलह-सोलह बिंदिया रोली, मेहंदी, हल्दी और काजल की लगाई जाती हैं। दूब से पानी के 16 बार छींटे 16 श्रृंगार के प्रतीकों पर लगाए जाते हैं। गणगौर को चढ़ने वाले प्रसाद और फल, सुहाग सामग्री भी 16 के अंक में चढ़ाई जाती है। वहीं उद्यापन करने वाली महिलाएं 16 सुहागिनों को भोजन कराकर उपहार स्वरूप भेंट देती हैं।



**ये रहे शामिल**–केशकाल में आयोजित गणगौर महोत्सव पूजा में विशेष रूप से लक्ष्मी देवी शर्मा, बबीता शर्मा, मंजू शर्मा, भाग्यश्री शर्मा, झलक शर्मा, लक्ष्मी तातेड़, नेहा, कुमकुम शर्मा, शोभा गोलछा, मोरवी शर्मा, लादो शर्मा शामिल हैं।

# अनंतपुर में आयोजित हुई बिहान वार्षिक आमसभा

**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत अनंतपुर में बुधवार को जनपद पंचायत मकड़ी द्वारा बिहान वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के निर्देश और एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में महिलाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की जानकारी देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना अनंतपुर के प्रभारी अखिलेश धीवर ने आमसभा में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने पाक्सो एक्ट, जे.जे. एक्ट, बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम और अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आसपास के गांवों से आई महिलाओं ने भी इस जागरूकता अभियान में भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। अनंतपुर पुलिस की इस पहल को महिलाओं ने सराहा।

## आतिशबाजी से किया गया हवलदार रतिराम सोरी का इस्तेकबाल

# सेवानिवृत्त हवलदार रतिराम सोरी का भव्य स्वागत, निकाली भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय थल सेना के आर्टिलरी रेजिमेंट में 24 वर्षों तक देश की सेवा करने के पश्चात हवलदार रतिराम सोरी के सेवानिवृत्त होकर गृहग्राम खंडाम पहुंचने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव, परिवारजन, मित्रगण और ग्रामवासियों ने गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया।

हवलदार रतिराम सोरी के बनियागांव आगमन पर आतिशबाजी के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। परिवारजन, संगठन के सदस्य, गणमान्य नागरिक और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियों ने तिलक आरती उतारकर एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इसके पश्चात, दुर्गा माता मंदिर में पूजा–अर्चना की गई और विशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें पूरे गांव ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय जवान जय किसान के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। बस्तर की सांस्कृतिक मांदरी नृत्य, देशभक्ति गीतों और डीजे की धुन पर निकला यह जुलूस उनके निवास स्थान तक पहुंचा। रास्ते में उच्च प्राथमिक शाला बड़े पारा सोनाबाल, शासकीय उच्च प्राथमिक शाला खंडाम और विभिन्न समाज के लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।





### देशसेवा का गौरवशाली सफर

हवलदार रतिराम सोरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि 24 वषोंर् तक देश की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने युवाओं से सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उनका सिलेक्शन 26 मार्च 2001 को भारतीय थल सेना की पहली आर्टिलरी रेजिमेंट की एकमात्र विक्टोरिया क्रॉस रेजिमेंट में हुआ। ट्रेनिंग हैदराबाद में पूरी करने के बाद, उन्होंने पंजाब, जम्मू–कश्मीर, महाराष्ट्र, बिहार, ग्लेशियर, तेलंगाना और बारामूला में अपनी सेवाएँ दीं। 31 मार्च 2025 को नासिक, महाराष्ट्र से वे सेवानिवृत्त हुए।

### सम्मान और उपलब्धियाँ

हवलदार रतिराम सोरी को उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 2021 में सिकंदराबाद में डायरेक्टर जनरल आर्टि और 2024 में बारामूला में मेजर जनरल द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उन्हें कई प्रशंसा पत्र भी मिले। उन्होंने बताया कि तीन बार जम्मू–कश्मीर में सेवाएँ देने का अवसर मिला और अपने कार्य में दक्षता के कारण उन्हें विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। साथ ही, वे सेना में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहे। अपने सम्मान से अभिभूत हवलदार रतिराम सोरी ने कहा, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव, सोनाबाल और खंडाम के ग्रामवासियों ने जो सम्मान दिया है, उसके लिए मैं सदा आभारी रहूँगा। अब मैं परिषद से जुड़कर समाज सेवा में योगदान दूँगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष बंगाराम सोड़ी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य रूपधर राम नेताम, हीरासिंह कोर्राम, सोमलाल पोयाम, सेवारत सैनिक किशनलाल खंडाम, सरपंच जगबंधु सोरी, निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियाँ, तथा खंडाम, झारा और रानापाल गाँव के ग्रामवासी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### जब्त गायब चेन...

है। खनिज आरक्षक की लापरवाही इसके पहले भी देखने को मिल चुकी है, परंतु उनके खिलाफ पहले कार्यवाही हो जाती तो सुधार आता, परंतु उनको सदैव बचाने का खेल अनवरत जारी है। इस बार भी खनिज अधिकारी ने हटाने का निर्देश दे दिया है, उसका पालन होता है या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### प्रयास आवासीय...

आवासीय विद्यालय फरसकोट भानुप्रतापपुर, शासकीय उमावि भानुप्रतापपुर एवं शासकीय उमावि संबलपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। अंतागढ़ विकासखण्ड के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय लामकन्हार अंतागढ़, कोयलीबेड़ा के लिए शासकीय उमावि कोयलीबेड़ा तथा शासकीय उमावि पखांजूर और दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के लिए शासकीय उमावि दुर्गूकोंदल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उक्त प्रवेश प्राक्कचयन उक्त प्रवेश प्राक्कचयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड कर निकाल सकते हैं।

### कच्चे कांटा घर...

पीछे किया, जिसके डाला से पीछे खड़ी मेरी वाहन ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### निशुल्क चिकित्सा...

समिति सदैव श्रीबजरंग आयरन ओर माइंस हाहालददी दुर्गुकोंदल के प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त की गई।

### रामनवमी पर 13...

ने लंका के राक्षस रावण का संहार किया था। धर्म, सत्य और करुणा का राज फिर से स्थापित किया था। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन राम नवमी मनाई जाती है। यह तिथि 5 अप्रैल शाम 7.27 बजे लगेगी और 6 अप्रैल को शाम 7.24 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के चलते 6 अप्रैल को राम नवमी का त्योहार मनाया जाएगा। राम नवमी के अवसर पर भगवान राम का पूजन किया जाता है। घी के दीये से उनकी आरती उतारी जाती है। श्रीराम स्तुति का भी महत्व है। अन्न और धन का दान शुभ माना जाता है। राम नवमी पर पुष्य नक्षत्र का शुभ संयोग भी बन रहा है। ऐसे में संपत्ति और सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

**खबर संक्षेप**

## 12 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ित परिवार को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में से मृतिका सुजिता माड़वी के निकटतम वारिस उनकी माता हिड़मे महेश माड़वी निवासी ग्राम केतुलनार कुटरू एवं मृतिका चन्दे लेकाम के निकटतम वारिस उनके पति लच्छु लेकाम निवासी ग्राम पोन्दुम भैरमगढ़ इसी तरह नदी में डूबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक चन्द्रशेखर कश्यप के निकटतम वारिस उनकी माता शन्ति हेमला निवासी ग्राम नेलसनार भैरमगढ़ प्रत्येक को 4-4 लाख कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

## पेयजल व्यवस्था के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**दंतेवाड़ा।** जिले में ग्रीष्मकालीन में पेयजल व्यवस्था एवं पेयजल संकट की समस्या के निदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके साथ ही जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर भी नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया हैं। जहां आम नागरिक एवं ग्रामीण जन अपनी पेयजल समस्याओं की शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। ज्ञात हो कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अध्यक्षता में उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव की उपस्थिति में 24 मार्च को आयोजित बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान प्रदेश में पेयजल प्रदाय की सुदृढ़ व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के अनुरूप जिला दंतेवाड़ा के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों का संधारण कार्य किया जा रहा है एवं आवश्यकता अनुसार हैंडपंपों में राइजर पाइप बढ़ाने व बदलने का कार्य भी किया जा रहा है। इस कार्य में ग्रामीणों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है जिससे कि जल संरक्षण के साथ स्वच्छता और जल स्त्रोत के संरक्षण के प्रति ग्रामीण जागरूक हो रहे हैं। खंड, उपखंड एवं विकासखंड स्तर पर पेयजल व्यवस्था हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिससे कि समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी में भी पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनियोजित निरंतर चलता रहे।

## इंद्रावती नदी के निरंतर गिरते जल स्तर से मुक्ति मोर्चा चिंतित

**जगदलपुर।** निरन्तर सूख रहे इंद्रावती नदी में जल संरक्षण, जल वितरण के



साथ बस्तर में पेयजल सिंचाई को लेकर सर्वाधिक सक्रिय रहने वाले बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद जीवनदायनी इंद्रावती नदी की गरिमा और भविष्य को लेकर अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। चांद ने कहा उड़ीसा में इंद्रावती के किनारे मक्का व दूसरे तरह की फसल लहलहा रहा है जबकि बस्तर में स्थिति बदहाल है जोरा नाला की वर्तमान स्थिति सब कुछ स्पष्ट कर देती है। उन्होंने कहा कि अब नया प्रोजेक्ट बनाकर डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश हो रही है आगे चल कर ओडिशा इसे भी बंद डिब्बे में ना डाल दे। उन्होंने कहा कि मुक्ति मोर्चा जीवनदायनी इंद्रावती नदी की गरिमा और अस्तित्व के साथ बस्तर के आम जनता वह किसानों के साथ है और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करने तैयार है। यदि भाजपा सरकार उनके जनप्रतिनिधि ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बाद भी ओडिशा में सरकार बीजेपी का होने के बाद भी बस्तर के जल संकट की समस्या इंद्रावती नदी में पानी लाकर खत्म नहीं कर सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए यदि प्रशासन के द्वारा जल्द ही इसका हल नहीं निकल गया तो बस्तर मुक्ती मोर्चा शबरी नदी के सहायक नालो के समीप बसे सभी ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर जागरूक करेगी।

### हाईस्कूल ग्राउंड में बस्तर पंडुम की हुई शुरुआत

# अपनी संस्कृति को संवारने सहेजने का ऐतिहासिक अवसर है पंडुमः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



अपनी संस्कृति का पुनर्वलोकन यह संदेश देता है कि हम पूरी निष्ठा और सजगता से अपनी विरासत की जड़ों से जुड़कर उसे नया आयाम देवें। आधुनिक जीवनशैली को स्वीकार करके भी अपनी विरासत को सर्वोपरि रखना ही सही मायने में समाज को एक सूत्र में पिरोता है। इसी लक्ष्य और उद्देश्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आज 2 अप्रैल से संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम की हाई स्कूल मैदान में शुरुआत हुई।

उल्लेखनीय है कि बस्तर पंडुम 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक आयोजित होगी। जिसमें विभिन्न प्रकार के बस्तर संभाग के सभी जिलों की टीमों द्वारा विभिन्न विधाओं की प्रदर्शनी के साथ-साथ देश के अन्य राज्य जैसे ओडिशा, तेलंगाना, असम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक दल अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

■ **बस्तर संभाग के 600 प्रतिभागी बस्तर पंडुम में ले रहे है हिस्सा**

जाएगीं। आज कार्यक्रम के शुरुआत में विधायक चैतराम अटामी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर एवं कांकेर जनजातियों द्वारा लगाए गए स्टालों को देखा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्थानीय विधायक ने कहा कि ऐतिहासिक बस्तर पंडुम में गांव-गांव से परंम्परा संस्कृति के प्रदर्शन को ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बस्तर की सभी सांस्कृतिक की धरोहर को संजोने के लिए किया गया है। यह कार्यक्रम एक उत्साह के तरह मनाया जा रहा है। पहले ब्लॉक स्तर पर बस्तर पंडुम बनाया गया। उसके बाद जिला स्तर पर तथा अब संभाग स्तर पर बस्तर पंडुम बनाया जा रहा है। बस्तर पंडुम के माध्यम से





पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, हस्तशिल्प, और आदिवासी रीति-रिवाजों को एक भव्य मंच प्रदान किया गया है। जिससे स्थानीय संस्कृति को नई पहचान मिलेगी। इस उत्सव में विभिन्न जनजातीय समूह अपनी कला और परंपराओं का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे न केवल सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ेगी बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बस्तर पंडुम की व्याख्या करते हुए कहा कि जनजाति बहुल क्षेत्र में उत्सव मनाने की परपंरा को पंडुम कहा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अवसरों में मनाए जाने वाले इस पर्व को आज हम राज्य शासन के मंशानुरूप जिला मुख्यालय में मना रहे है। इसके साथ ही उपस्थित आगन्तुक जनप्रतिनिधियों ने भी बस्तर पंडुम को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि इससे देश दुनिया में बस्तर की आदिम संस्कृति को एक नयी पहचान मिलेगी। ज्ञात हो कि हाई स्कूल ग्राउंड में आज प्रारंभ हुए बस्तर पंडुम में संभाग के समस्त जिले सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर एवं कांकेर द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया जाएगा इसके साथ ही इन जिलों द्वारा अपने स्टालों पर जनजाति पेय पदार्थ एवं व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही खान पान के अलावा वेशभूषा आभूषणों वादय यंत्रों के भी स्टॉल लगाए गए है। कल 3 अप्रैल बस्तर पंडुम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सहित अन्य राज्य स्तर के मंत्रीगणों का भी आगमन होगा इसके अलावा कल संध्या 6 बजे प्रख्यात कवि एवं राम कथा वाचक कुमार विश्वास द्वारा बस्तर के राम पर आधारित काव्य वाचन करेगें।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य कमला नाग, दंतेवाड़ा नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, गीदम नगर पालिका अध्यक्ष रंजनीष सुराना, बचेली, किरंदुल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, कटेकल्याण, कुआकोंडा, एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, सर्व समाज प्रमुख सहित जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, एसडीएम लोकांष एल्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनरेगा श्रमिकों को अब 261 रुपए मिलेगी मजदूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार करने वाले ग्रामीण मजदूरी की राशि का निर्धारण किया है। 1 अप्रैल से महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों को 261 रुपए मजदूरी प्राप्त होगी। छत्तीसगढ़ को मजदूरी 261 रुपये की प्रति कार्य दिवस की दर से मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव का नोटिफिकेशन जारी किया है, 1 अप्रैल से ही नवीन दर लागू हो गया है।

■ **1 अप्रैल से नई मजदूरी दर लागू**

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा श्रमिकों को सही सही जानकारी पहुंचाने के साथ योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 अप्रैल 2025 से 18 रूपये की बढ़ोतरी करते हुए केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय विकास ने मनरेगा मजदूरी दर 261 कर दी है।

## अध्यक्ष व सचिव पहुंचे धरना स्थल...



**करपावण्ड।** जनपद पंचायत बकावण्ड के जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे एवं उपाध्यक्ष तरुण कुमार पांडे सचिव संघ के धरना स्थल पहुंच कर सचिवो के शासकीयकरण की एक सूत्र मांग को जायज बताया और आश्वासन दिलाया की आपकी मांगों को पूरा किये जाएंगे।

# आजादी का एहसास लेकर आई प्रधानमंत्री आवास योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



यह कहानी है जनपद पंचायत उसूर के नियद नेल्लानार ग्राम पंचायत धरमारम की 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला गुंडी बुचमा की जिन्होंने अपने धैर्य और हौसले के बलबूते पर माओवाद के घने अंधेरे के साए में भी अपने सपने को जिंदा रखा। पति की मृत्यु वर्षों पूर्व बीमारी से हो गई थी, अपने पति की मृत्यु के बाद भी गुंडी बुचमा ने हिम्मत नहीं हारी आतंक और भय के माहौल में उसने अपने बेटे को शिक्षा से जोड़े रखा। वर्तमान में केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना में गुंडी बुचमा को पक्की छत का आवास बनकर तैयार है। क्षेत्र में गुंडी बुचमा का आवास आजादी के 77 वर्ष बाद सच्ची आजादी का एहसास करा रही है।

गुंडी बुचमा के आवास की कहानी इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है चूंकि ग्राम पंचायत धरमारम माओवाद से प्रभावित गांव होने के कारण शासकीय योजनाओं का संचालन कठिन था। आजादी के 77 वर्ष बाद भी आंतक और भय में ग्रामीण जीने को मजबूर थे। नक्सल प्रभाव के कारण ग्राम पंचायत में पानी, बिजली, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही थी। भय और आतंक के इस माहौल में ग्रामीण चाह कर भी पक्के आवास का निर्माण नहीं कर पा रहे थे। गुंडी बुचमा एक अकेली महिला जो अपने बच्चे को खेती-बाड़ी कर पालन-पोषण कर रही थी। जिसके मन में विश्वास था कि एक दिन यह परिस्थिति जरूर बदलेगी। मन में विश्वास और धैर्य रखते हुए इस महिला ने अपने बच्चे को दूसरे पंचायत में भेज कर 12वीं तक पढ़ाया, जो की उनके लिए एक उपलब्धि है।

अब उनके परीक्षा की घड़ी समाप्त होने के दिन आ गए थे गांव में सुरक्षा कैंम्प लगने के साथ माओवाद का अंधियारा भी छटने लगा। वित्तीय वर्ष 24-25 में ग्राम पंचायत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली। शुरूआत में ग्रामीण डर की वजह से आवास निर्माण करने में डर रहे थे। समय के साथ गुंडी बुचमा ने आवास का निर्माण प्रारंभ किया। वर्तमान में उनका पक्की छत वाला आवास बनकर तैयार हो गया है। हितग्राही अपने पुराने दिनों को याद कर बताती है कि किस तरह 300 माओवाद ने गांव में हमला किया था, जिससे पूरा गांव सहम गया था। गुंडी बुचमा के पुत्र का कहना है की माओवाद के डर से आज तक एक भी पक्का आवास नही बना हमारा आवास पहला पक्का बना है। माओवाद के डर से किस तरह झोपड़ी बिना बिजली, सड़क, पानी के जीवन कट रहा था। सुरक्षा कैम्प लगने के साथ धीरे-धीरे परिस्थितियां बदल रही हैं।

# मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर





डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, करमरी में एक अप्रैल को नव शिक्षण सत्र के शुभारंभ के अवसर पर प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नए विद्यार्थियों का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से हुई, साथ ही बच्चों का स्वागत तिलक लगा कर किया गया। जिसके पश्चात विद्यालय के प्रभारी प्राचार्या ने छात्रों को प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविकास एवं अनुशासन की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों के लिए विशेष स्वागत सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, पाठ्य सहगामी गतिविधियों और नैतिक मूल्यों से परिचित कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में नए सत्र को लेकर उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि यह नया सत्र विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं व्यक्तित्व विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, करमरी परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को नव सत्र पर बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

## गोरखनाथ सरस्वती के मार्गदर्शन में साधकगण कर रहे योग साधना

**जगदलपुर।** योग से जुड़े साधकगण गोरखनाथ सरस्वती के मार्गदर्शन में योग साधना कर रहे हैं। शिवम योग समिति एवं जलाराम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान 1 से 6 अप्रैल तक उच्च योग साधना शिविर का आयोजन हो रहा है जिसमें उच्च योग की अद्भुत साधना करवाई जा रही है। बिहार योग के द्वारा सम्पूर्ण विश्व को जिस योग निद्रा का अभ्यास सिखाया गया है वही आज यहाँ योग साधकों को सिखाया गया कि किस तरह निद्रा की अवस्था में भी मन को जागृत रखा जा सकता है। योग निद्रा में बिताया हुआ थोड़ा सा समय कैसे शरीर की निद्रा की जरुरत पूरी कर सकता है। स्वामी जी ने बताया कि कैसे स्वामी श्री निरंजनानंद सरस्वती जी ने 4 वर्ष की उम्र में ही योग निद्रा के माध्यम से योग के कई गूढ रहस्यों को जान लिया था।

# 241 बस्तरिया बटालियन ने हर्षोल्लास से मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

241 बस्तरिया बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा 1 अप्रैल को 8वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ ग्राम सेडवा में मनाया गया। इस अवसर पर संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी-241 बटालियन द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गयी तथा सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शहीदों की शहादत को याद करते हुए बल एवं बटालियन के आदर्शों को हमेशा सर्वोच्च रखने संबंधी निर्देशों के साथ समापन किया गया।

इस अवसर पर खेल-कूद का आयोजन किया गया एवं सांस्कृतिक संध्या में सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दिनेश कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी-स्टाफ आफिसर, रेन्ज जगदलपुर, नवीन यादव, द्वितीय कमान अधिकारी-227 बटालियन, विकास कुमार, उप कमाण्डेन्ट, विनोद कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट, विनोद सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट, श्रीमती सविता सिंह, सहायक कमाण्डेन्ट के अलावा 241 बटालियन के सभी अधिनस्थ अधिकारीगण एवं जवान इस पल के साक्षी बने।

HEALTH TOWN

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बच्ची को सांप ने काटा, हुई मौत

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत पीव्ही 96 सावनपुर निवासी 6 वर्षीय चम्पाराय का सर्पदंश के कारण मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका को 5 मार्च को जहरीला सांप ने काट लिया था। ईलाज के लिए बांदे के अस्पताल में लेकर गए। उपस्थित चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत खेत की ओर आम पेड़ में रस्सी का फंदा बनाकर 35 वर्षीय देव्रत मंडल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पीव्ही 97 निवासी 61 वर्षीय सर्वेश्वर मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 1 अप्रैल को अज्ञात कारणो के चलते लायलोन रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया व उसकी मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या किस वजह से किया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 15 को

**दुर्गुकोंदल।** आजीविका महाविद्यालय कांकेर एवं अंतागढ़ में जिले के बेरोजगार युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए रिटेल सेल्स एसोसिएट, डोमेस्टिक, डाटा एन्ट्री आपरटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिसियन, सिलाई मशीन, सोलर टेक्निशियन, राज मिस्त्री, मोबाईल रिपेयर, नर्सिंग, ब्युटि थेरेपिस्ट एवं सिक्युरिटी गार्ड कोर्स में निःशुल्क रहवासी रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रारंभ करने के लिए 15 अप्रैल मंगलवार को समय 10 बजे से 3 बजे जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभाकक्ष में काउंसिलिंग का आयोजन किया गया है, जिसके लिए इच्छुक युवा जो 18 वर्ष से अधिक निम्नानुसार दर्शित स्थान पर आवश्यक दस्तावेज जैसे न्युनतम योग्यता 5थी की अंकसूची, 04 फोटोग्राफ आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

**मांग : सौंपा ज्ञापन, रेशियो बदलने पर आंदोलन की दी चेतावनी**

# आरीडोंगरी कच्चे माइंस में ट्रकों की व्यवस्था को यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आरीडोंगरी कच्चे माईंस में ट्रक को लगाने को लेकर चल रही उटा पटक पर परिवहन व्यवसायी कल्याण संघ कच्चे ने कहा कि जो व्यवस्था चल रही थी, उसमें कोई बदलाव किया गया तो यह तय है कि संघ सड़क पर उतरने को मजबूर हो सकता है। इसी मामले को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

परिवहन व्यवसायी कल्याण संघ कच्चे के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम पर ज्ञापन देने के उपरांत मीडिया से बात करते हुए बताया कि कच्चे के संघ से वर्तमान में 500 ट्रक वाहन संचालित होते है, जो कि माइंस से प्रभावित सदस्यों की है और हमारी रोजी रोटी का एक मात्र माध्यम कच्चे आरीडोंगरी माइंस है। यह माईंस जब चालू हुआ है, तब से सोमवार को देवी-देवता आस्था के कारण बंद रखा जाता था, परंतु हम सभी ग्रामवासियों के द्वारा देवी-देवता का विधिवत पूजा अर्चना अनुष्ठान कर सोमवार को माइंस के कार्य को चालू किया गया। उसके एवज में हम समस्त ग्रामवासी एवं परिवहन संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया की हम मैनेजमेंट से प्रतिदिन लेंगे, जो दैनिक परिवहन अनुपात से अलग होगा और उस हिसाब से जब से सोमवार का माइंस का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है, तब से हम यह 51 ट्रक का परिवहन, दैनिक परिवहन अनुपात से अलग करते आ रहे है। माईंस पर आश्रित गांवो के सदस्यों का सम्मान किया जाए और वर्तमान में जिस अनुपात में परिवहन हो रहा है, उसे यथावत रखा जाएं। माइंस का कार्य सुचारू रूप से चलने में सहायता करे एवं इसके विपरीत कुछ होने पर माईंस पर आश्रित ग्रामवासी अपनी रोजी-रोटी और सम्मान के लिए उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होने को मजबूत होंगे।

## रक्षा सेवा भर्ती की तैयारी के लिए युवकों का फिजिकल प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की पहल पूना पर्रियान नई उड़ान के तहत क्षेत्र के ऐसे युवा छात्र जो सेना अग्निवीर, जल, थल, वायु सेना भर्ती, पुलिस एसआई भर्ती, पुलिस आरक्षक भर्ती, वनरक्षक भर्ती या अन्य परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए विकासखंड भानुप्रतापपुर मुख्यालय से 2 किमी की दूरी पर ग्राम चौगेल मुल्ला में पूर्व से संचालित कैम्प में शारीरिक दक्षता के लिए फिजिकल गतिविधियां कराई जा रही हैं।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि चौगेल मुल्ला के पुराना कैम्प में क्षेत्र के युवाओं के लिए शारीरिक दक्षता के साथ-साथ प्रतिभागियों की मेंटल एबिलिटी की तैयारी भी कराई जा रही है। सभी छात्रों के लिए प्रातः 06 बजे से 09 बजे तक विभिन्न प्रकार की प्रैक्टिस कराने के बाद 10 बजे से मेंटल एबिलिटी की कक्षाएं संचालित की जाती हैं। छात्र भविष्य में सेना, अग्निवीर, एसआई भर्ती, पुलिस, आबकारी, वनरक्षक या अन्य ऐसे रोजगार जहां फिजिकल टेस्ट आवश्यकता हो, उन क्षेत्रों की तैयारी कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा भी इस पूना पर्रियान नई उड़ान की सतत मानिटरिंग एवं सुपरविजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

## उपमुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 18 हुए लाभान्वित



**चारामा।** नगर पंचायत चारामा के आर्थिक रुप से कमजोर व स्वास्थ्य उपचार, शिक्षा के लिए विभिन्न हितग्राहियों को उपमुख्यमंत्री अरुण साव के स्वेच्छानुदान मद से 18 हितग्राहियों को राशि स्वीकृत किया गया है, जिसका चेक वितरण 2 अप्रैल को नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नंद कुमार ओझा की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त नेताम, नपं के पूर्व अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, मण्डल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, दीपक सोनकर, सत्येन गुप्ता, जयश्री सिन्हा, दीपांकर सिन्हा, अंकित जैन, करण निर्मलकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चारामा में स्काइलिफ्ट, जेसीबी एवं काउकैचर के लिए सौंपा पत्र

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा में स्वच्छता एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा ने कलेक्टर को पत्र सौंपा है जिसमें स्काइलिफ्ट, जेसीबी एवं काउ कैचर की अति आवश्यकता है। वर्तमान में नगर में कई स्थानों पर पेड़ की शाखाएँ, बिजली के तार एवं ऊँचे स्थानों पर लगे होर्डिंग्स की सफाई और मरम्मत के लिए स्काइलिफ्ट आवश्यक है और साथ ही सड़कों की मरम्मत, नाले सफाई एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए जेसीबी की जरूरत है। इसके अतिरिक्त नगर में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ने से यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए काऊ कैचर की व्यवस्था आवश्यक है, जिससे आवारा मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर निर्धारित स्थान पर रखा जा सके। पत्र में अनुरोध किया गया है कि खनिज न्यास निधि से नगर पंचायत चारामा के लिए स्काइलिफ्ट, जेसीबी एवं काऊ कैचर की स्वीकृति प्रदान करने करें, जिससे नगर की सफाई, यातायात एवं निर्माण कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।



## एकलव्य विद्यालय में सत्र 2024-25 के नतीजे घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में पालक बालक शिक्षक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखकर ढेर सारी चर्चाएं हुईं। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी कक्षाओं का सत्र 2024-25 का परीक्षाफल घोषित किया गया और अंकसूची वितरित की गई और सभी टापरों को सम्मानित किया गया। संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गुकोंदल में कक्षा 6वीं में क्रमशः प्रेरणा नायक 88.83 प्रतिशत, जीविका सलाम 82.33 प्रतिशत, मनोज कुमार नेताम 82.17 प्रतिशत, 7वीं में क्रमशः वामिनी कुंजाम 89 प्रतिशत, प्रियांशी मंडावी 83.83 प्रतिशत, भूमिका 82.33 प्रतिशत, 8 वीं में क्रमशः चंचल मरकाम व गीतांजलि हिचामी 95.5 प्रतिशत, करिश्मा आचला 93.5 प्रतिशत, बंटी 91.17 प्रतिशत और 9वीं में क्रमशः राहुल कोवाची 76.17 प्रतिशत, करिश्मा नरेटी 75.83 प्रतिशत, नगीना बढ़ई 73.83 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य और मुख्य अतिथि के साथ-साथ सभी वक्ताओं ने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की और शिक्षा को समृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बताया।

कार्यक्रम का संचालन सुमित कुमार ने किया एवं इस मौके पर अभिभावकों और छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगण मीनू रानी, दीप्ति, मधुश्री ठाकुर, शिखा झा, धर्मेन्द्र सहरावत, राकेश कुमार, सुनील कुमार, चेतन कुमार तोमर, निर्मल कुमार अग्रवाल, चक्रवर्ती यादव, दीपक जैन, अंकुर कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## गंगालूर एरिया में नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- बेहतर उपचार के लिए घायलों को रायपुर किया गया रेफर
- एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत इलाके में सर्चिंग अभियान पर निकले थे जवान

बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में एंटी नक्सल ऑपरेशन के लिए एसटीएफ व बस्तर फाइटर की सयुंक्त टीम इलाके में सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ होने की खबर सामने आई है। यह मुठभेड़ उस समय हुई जब सुरक्षा बल एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत इलाके में सर्चिंग अभियान चला रहे थे।

मुठभेड़ में एसटीएफ आरक्षक संत कुमार कोमरे को दाहिने हाथ में वहीं दूसरे जवान महेश गटपल्ली आरक्षक बस्तर फाइटर को सामान्य चोंटें आईं है। दोनों घायल जवानों को इलाज के लिए दंतेवाड़ा लाया गया। घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर कर दिया गया है।

### कुछ नक्सलियों के घायल होने की खबरः आईजी

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सुरक्षा बलों को गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधि की सूचना मिली थी। जिसके बाद एसटीएफ व बस्तर फाइटर की सयुंक्त टीम को नक्सल आपरेशन में रवाना किया गया था। सर्चिंग के दौरान नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसके बाद जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। जवानों की जवाबी कार्रवाई में कुछ नक्सलियों के घायल होने की खबर है। आईजी ने बताया कि मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है।

## मां दंतेश्वरी को चढ़ाई 108 मीटर लंबी चुनरी

**जगदलपुर।** रामनवमी पर्व भव्य एवं आकर्षक ढंग से हर्षोल्लास के साथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जा रहा है। चैत्र शुक्ल प्रतिपरा हिन्दू नव वर्ष के प्रथम दिन से लेकर नवमी तक प्रत्येक दिन विश्व हिन्दू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी, बजरंग दल द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन जगदलपुर नगर में किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मां दुगार्मंदिर शांति नगर से आकर्षक चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा में शामिल महिलाएं अपने पारंपरिक वेशभूषा में 108 मीटर लंबी माता की चुनरी हाथों मे थामे चल रही थी जगह-जगह चौक चौराहों पर पुष्प वर्षा कर माता की चुनरी का स्वागत किया गया। यह चुनरी यात्रा शांति नगर दुर्गा मंदिर से निकलकर लाल चर्च के सामने से होते हुए चांदनी चौक, झूलेलाल मार्ग, जयस्तम चौक से गुरु नानक चौक होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर माता को चुनरी चढ़ाई गई।

## शिष्यवृत्ति नहीं मिलने से 80 आदिवासी छात्राओं का भविष्य हो रहा अंधकारमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बकावंड ब्लाक में 80 आदिवासी छात्राओं को बीते वित्तीय सत्र में छात्रवृत्ति नहीं मिल पाने से उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। यह आरोप बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने लगाया है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद महज श्रेय लेने के उद्देश्य से सांसद महेश कश्यप द्वारा कलेक्टर एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त पर दवाब बनाकर बकावंड ब्लाक मुख्यालय में सात वर्ष पहले बने 250-250 सीटर बालक-बालिक छात्रावास भवन का 13 जुलाई 2024 का न केवल लोकार्पण किया गया बल्कि वहां बजट के स्वीकृति के बगैर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया। कार्यक्रम में दावा किया गया कि जो काम पांच साल में कांग्रेस सरकार नहीं कर सकी उसे हमने कर दिखाया, सांसद ने जमकर डबल इंजन की सरकार की वाहवाही बटोरी गई। उन्होंने कहा कि यही नहीं सत्र के दौरान सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने भी छात्रावास का निरीक्षण दिखावे के तौर पर अनेकों बार किया पर किसी ने भी स्वीकृति के बगैर दाखिल किए गए आदिवासी बच्चों की कोई सुध नहीं ली। अब सालभर बाद भी शिष्यवृत्ति न मिलने से अंधकारमय हैं। इतना ही नहीं बकाया शिष्यवृत्ति पटाने पालकों पर दवाब बनाया जा रहा है। इसके बगैर आगे की पढ़ाई छात्रावास में रहकर नहीं हो पाएगी ।

## भगवान के दर्शन से ही माया से मिलती है मुक्ति : वरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



करपावण्ड के चिउरगांव में 28 मार्च से आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथावाचन किया जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महापुराण कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे है।

जेंजरा राजिम से पहुंचे कथावाचक परमपूज्य पंडित वरुण तिवारी ने कथा के चौथे दिन के प्रसंग में कहा कि गजेन्द्र ही जीव है, मगर ही माया है केवल भगवान के शुभ दर्शन ही माया को काट सकता है। गौरतलब है कि करपावण्ड के चिउरगांव में बैस परिवार व ग्रामवासियों द्वारा भागवत महापुराण कथावाचन कराया जा रहा है। कथा में आगे पंडित जी ने राम अवतार की चर्चा की और श्री कृष्ण प्रागात्य महोत्सव बैस परिवार और समूचे ग्रामवासियों के साथ बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। कथा का आयोजन संतोष सिंह एवं ज्योति सिंह जैतेगिरि निवासी व परिवार के द्वारा किया जा रहा है। प्रतिदिन कथावाचन श्रवण करने चिउरगांव व आसपास के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस आयोजन का समापन 4 अप्रैल का होगा जिसका पुण्य लाभ लेने की अपील ग्रामीणों व बैस परिवार ने श्रद्धालुओं से की है।



## लघु वनोपज समिति प्रबंधक पांच से बेमियादी हड़ताल पर

**कांकेर।** वन विभाग के अधीनस्थ कार्यरत वनोपज समिति प्रबंधक नियमितीकरण मांग को लेकर 5 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि इस साल 10 से 15 अप्रैल के बीच तेंदूपत्ता खरीदी होना है, वो भी इस वर्ष ठेकेदारों ने निविदा नहीं भरा है। वन विभाग प्रबंधको के माध्यम से खरीदी से लेकर गोदामीकरण तक करने का महत्वपूर्ण काम सौपने जा रही है। प्रदेश के 902 लघु वनोपज प्रबंधक वर्ष 1988-89 से वन विभाग के अधीन काम कर रहे हैं और लगातार नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। प्रबंधको को त्रिस्तरीय वेतनमान जुलाई 2023 में लेवल 7,8,9 शासन से स्वीकृत होने के बाद भी उच्च अधिकारियों द्वारा लेवल कम कर 5,6,7 लागू कर दिया गया एवं उनके 2016 के सेवा नियम में स्पष्ट लिखा है 1 वर्ष परिवीक्षा अवधि के बाद नियमित किया जाएगा। प्रबंधक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि हमारे प्रदेश संघ ने एक माह पूर्व राज्य संघ को 31 मार्च 2025 तक अल्टीमेटम देकर औचित्यपूर्ण मांगो निर्णय लेने का आग्रह किया था। एक माह पूरा होने के बाद भी राज्य संघ कोई ठोस निर्णय नही ले पाया है। वर्तमान समय मे 13 लाख 50 हजार संग्राहक तेंदूपत्ता एवं वनोपज के कार्य से जुड़े हुए हैं, जिनका वनोपज से राजमोहनी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना,मेधावी- प्रतिभाशाली छात्रवृति योजना का लाभ लेते हैं। वनोपज में इमली, महुआ, टोरा, चिरौजी, गुठली, शहद, साल बीज आदि का संग्रहण करते हैं जो कि ग्रामीणों की आय के मुख्य श्रोत है, यह पूरी तरह प्रभावित होगा।

**उड़नदस्ता ने कार्रवाई कर लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूला**

# जांच में 1637 वाहनों पर किया गया 49.25 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- परिवहन विभाग की टीम कर रही वाहनों की जांच

बस्तर संभागीय मुख्यालय से रायपुर, कोंटा, बैलाडीला, भोपालपटनम, उड़ीसा एवं आंध्रप्रदेश रोड में जाने एवं आने वाले वाहन बेखौफ परिवहन नियमों उल्लंघन कर रहे है। इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम सुबह से शाम तक विभिन्न सड़कों में वाहनों की जांच कर रही है। जांच के दौरान मार्च माह में 1637 वाहन नियमों उल्लंघन करते पाए गए, जिन पर 49 लाख 24 हजार 652रुपए का जुर्माना किया गया। इसमें से 1524 वाहनों से 21 लाख 26 हजार 600 रूपए समझौता शुल्क लिया गया। साथ ही 78 वाहनों पर ई-चालान कर 13 लाख 76 हजार 700 रूपए एवं 35 वाहनों से बकाया टैक्स 14 लाख 21 हजार 952 रूपए वसूल किया गया। लगभग 4 ओव्हरलोड वाहन मिले, जिन पर एक लाख 53 हजार रूपए कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है मुख्यालय से लक्ष्य राजस्व से दोगुना राजस्व लिया गया।

साथ ऐसे वाहनों के चालकों को कहा गया कि वे वाहनों में आगे-पीछे और बाजू में रेडियम जरूरी है। वाहन फिटनेस के लिए जाती है उस समय रेडियम की जरूरत होती है। साथ ही रोड पर चलने वाली वाहनों में रेडियम के अभाव में खतरनाक दुर्घटना की संभावना रहती है। रेडियम नहीं होने पर भी वाहनों के खिलाफ जुर्माना किया जा रहा है।



### नियमों के उल्लंघन पर वाहनों होंगे जब्त

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल गारदे ने बताया कि परिवहन नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। दूसरी बार नियमों का उल्लंघन पर वाहन की जब्ती कार्रवाई की जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411